भारत सरकार
इस्पात मंत्रालय

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 2681**
**04 अगस्त, 2026 को उत्तर के लिए**

## मेकॉन के कार्य निष्पादन का मूल्यांकन

2681. **श्री राजीव रायः**

क्या **इस्पात** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत पाँच वर्षों के दौरान मेकॉन के कारोबार, लाभ/हानि, ऑर्डर बुक तथा निवल मूल्य सहित वित्तीय कार्य निष्पादन का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या चालू वित्तीय वर्ष के दौरान मेकॉन को घाटा हुआ है, यदि हाँ, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) गत पाँच वर्षों के दौरान आवंटित परियोजनाओं के मूल्य, समय पर पूर्ण की गई परियोजनाओं, विलंबित परियोजनाओं तथा विलंब के कारणों का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या निष्पादन संबंधी समस्याओं के कारण कोई प्रमुख परियोजनाएं निजी एजेंसियों को हस्तांतरित की गई हैं, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) कार्यरत कर्मियों की संख्या, रिक्तियों, की गई भर्तियों, नियमित अध्यक्ष की नियुक्ति न किए जाने के कारणों तथा भर्ती संबंधी प्रस्तावों की स्थिति आदि का संवर्ग-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**इस्पात राज्य मंत्री** **(श्री भूपतिराजु श्रीनिवास वर्मा)**

(क) और (ख): पिछले पांच वर्षों के दौरान मेकॉन लिमिटेड का वित्तीय कार्य-निष्पादन जिसमें कारोबार, लाभ/हानि, ऑर्डर बुक तथा निवल मूल्य शामिल हैं, का विवरण निम्नानुसार है:

**(करोड रु में)**

| विवरण | वित्तीय वर्ष 2021-22 | वित्तीय वर्ष 2022-23 | वित्तीय वर्ष 2023-24 | वित्तीय वर्ष 2024-25 | वित्तीय वर्ष 2025-26 |
|---|---|---|---|---|---|
| **कारोबार** | 586.67 | 854.97 | 923.79 | 1,073.82 | 1,514.78 |
| **पीबीटी** | 19.54 | 34.01 | 77.62 | 32.08 | 104.53 |
| **पीएटी** | 13.70 | 31.01 | 54.56 | 28.22 | 78.45 |
| **ऑर्डर बुक** | 1,096.55 | 235.29 | 962.45 | 1,799.22 | 1,183.76 |
| **निवल मूल्य** | 431.75 | 399.34 | 445.77 | 465.67 | 535.42 |

मेकॉन लिमिटेड को वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान कोई घाटा नहीं हुआ है।

जारी...2/-

(ग) पिछले पांच वर्षों के दौरान मेकॉन लिमिटेड को प्रदान की गई इंजीनियरिंग,अधिप्राप्ति और निर्माण (ईपीसी) परियोजनाओं का विवरण और उनके पूर्ण होने की स्थिति निम्नानुसार है:

| **वर्ष** | **प्रदान की गई परियोजनाएं** | **समय पर पूरी की गई परियोजनाएं** | **परियोजनाओं में विलंब, यदि कोई हो** | **परियोजनाओं का मूल्य (लाख में)** |
|---|---|---|---|---|
| 2025-26 | शून्य | -- | -- | -- |
| 2024-25 | 3 | 2 | 1, तकनीकी समस्याओं के कारण विलंबित। | 1,06,582.65 |
| 2023-24 | 2 | 1 | 1, भू-राजनीतिक संकट और मध्य पूर्व युद्ध के कारण विलंबित। | 65,914.6 |
| 2022-23 | शून्य | -- | -- | -- |
| 2021-22 | 2 | 0 | 2, भूमि और साइट का फ्रंट समय पर न मिलने के कारण विलंबित। | 27451.38 |

(घ) जी, नहीं।

(ङ) मेकॉन लिमिटेड में नियमित अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक हैं। मेकॉन लिमिटेड की कुल जनशक्ति में 977 कर्मचारी हैं, जिसमें कार्यपालक और गैर-कार्यपालक शामिल हैं। आज की तिथि तक मेकॉन लिमिटेड में 89 पद रिक्त हैं।

*****